**Class:** EM - CLASS 10 | **Subject:** Hindi | **Time:** 3 hrs
**Date:** 18-02-2025 | **Paper:** Semester 1 | **Marks:** 80

## विभाग १ - गद्य : 20 अंक

**1(अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(8)**

टाँग से ज्यादा फिक्र मुझे उन लोगों की हुई जो हमदर्दी जताने मुझसे मिलने आएँगे। ये मिलने-जुलने वाले कई बार इतने अधिक आते हैं और कभी-कभी इतना परेशान करते हैं कि मरीज का आराम हराम हो जाता है, जिसकी मरीज को खास जरूरत होती है। जनरल वार्ड का तो एक नियम होता है कि आप मरीज को एक निश्चित समय पर आकर ही तकलीफ दे सकते हैं किंतु प्राइवेट वार्ड, यह तो एक खुला निमंत्रण है कि "हे मेरे परिचितो, रिश्तेदारो, मित्रो आओ, जब जी चाहे आओ, चाहे जितनी देर रुको, समय का कोई बंधन नहीं अपने सारे बदले लेने का यही वक्त है।" बदले का बदला और हमदर्दी की। हमदर्दी । मिलने वालों का खयाल आते ही मुझे लगा मेरी दूसरी टाँग भी टूट गई।

मुझसे मिलने के लिए सबसे पहले वे लोग आए जिनकी टाँग या कुछ और टूटने पर मैं कभी उनसे मिलने गया था, मानो वे इसी दिन का इंतजार कर रहे थे कि कब मेरी टाँग टूटे और कब वे अपना एहसान चुकाएँ। इनकी हमदर्दी में यह बात खास छिपी रहती है कि देख बेटा, वक्त सब पर आता है।

दर्द के मारे एक तो मरीज को वैसे ही नींद नहीं आती, यदि थोड़ी-बहुत आ भी जाए तो मिलने वाले जगा देते हैं-खास कर वे लोग जो सिर्फ औपचारिकता निभाने आते हैं।

(1) निम्नलिखित वाक्य पूर्ण कीजिए : (2)

(i) मरीज का आराम हराम तब हो जाता है जब .................. .

(ii) जब मिलने वालों का खयाल लेखक को आता है तब .................. .

(2) उत्तर लिखिए : (2)

(i) हमदर्दी जताने वालों की फिक्र करने वाला - .................. .

(ii) लेखक को परेशान करने वाले - .................. .

(iii) मरीज को मिलने के संबंध में यहाँ समय का बंधन पाला जाता - .................. .

(iv) मरीज को इसके कारण नींद नहीं आती - .................. .

(3) (i) गद्यांश में आई हुई एक समानार्थी शब्द की जोड़ी ढूँढकर लिखिए। (1)

(ii) गद्यांश में प्रयुक्त दो उर्दू शब्द ढूँढ़कर लिखिए : .................. ..................

(4) 'आराम हराम है' विषय पर 25 से 30 शब्दों में अपने विचार लिखिए। (2)

**(आ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(8)**

रामस्वरूप : (जोर से हँसते हुए) वाह-वाह ! खूब सोचा आपने ! वाकई आजकल खूबसूरती का सवाल भी बेढब हो गया है। हम लोगों के ज़माने में तो यह कभी उठता भी न था। (तश्तरी गोपाल की तरफ बढ़ाते हैं।) लीजिए।

गो. प्रसाद : (समोसा उठाते हुए) कभी नहीं साहब, कभी नहीं।

रामस्वरूप : (शंकर की तरफ मुखातिब होकर) आपका क्या ख़याल है शंकर बाबू ?

शकर : किस मामले में?

रामस्वरूप : यही कि शादी तय करने में खूबसूरती का हिस्सा कितना होना चाहिए !


गो. प्रसाद : (बीच में ही) यह बात दूसरी है बाबू रामस्वरूप, मैंने आपसे पहले भी कहा था, लड़की का खूबसूरत होना निहायत जरूरी है और जायचा (जन्म पत्र) तो मिल ही गया होगा।

रामस्वरूप : जी, जायचे का मिलाना क्या मुश्किल बात है। ठाकुर जी के चरणों में रख दिया। बस, खुद-ब-खुद मिला हुआ समझिए। [शंकर भी हँसता है, मगर गोपाल प्रसाद गंभीर हो जाते हैं।

(1) आकृती पूर्ण कीजिए : (2)

(i)

TickMark.Ai




(2) एक शब्द में उत्तर लिखिए : (2)

(i) पहले के ज़माने में किस विषय पर बात नहीं होती थी ?
(ii) गोपाल प्रसाद के अनुसार शादी के लिए लड़की के अंदर क्या होना जरुरी है ?
(iii) ठाकुर जी के चरणों में क्या रखा गया है ?
(iv) किसका सवाल आज कल बेढब हो गया है ?

(3) (1) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : (1)

(i) जायजा (ii) ठाकुर जी

(2) निम्नलिखित शब्दों के लिए संज्ञा के भेद लिखिए : (1)

(i) खूबसूरती (ii) शंकर

(4) क्या शादी करने के लिए लड़की का खूबसूरत होना बहुत जरुरी है ? आपको इस विषय में क्या महसूस होता है ? (2)

**(इ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (4)**

सन् 1911 में, सत्येंद्रनाथ ने उच्चतर माध्यमिक की विज्ञान की परीक्षा दी और प्रथम आए। मेघनाथ साहा ने ढाका कॉलेज से परीक्षा दी थी और वरीयता क्रम में वे दूसरे स्थान पर थे। निखिल रंजन सेन ने इस परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सत्येन, निखिल रंजन और मेघनाथ साहा ने विज्ञान स्नातक की पढ़ाई के लिए गणित को चुना । वार्षिक परीक्षा में सत्येंद्र प्रथम आए, मेघनाथ द्वितीय और निखिल रंजन तृतीय। सन् 1915 की विज्ञान स्नातकोत्तर की परीक्षा में भी ऐसा ही परिणाम आया ।

जल्द ही सत्येन विश्वविद्यालय में 'चौदह चश्मों वाले लड़के' के रूप में मशहूर हो गए। वह अपना खाली समय अपने सहपाठियों और निचली कक्षाओ में पढ़ रहे मित्रों को पढ़ाने में व्यतीत करते थे। वह उन्हें हरीश सिन्हा के घ पर पढ़ाते थे। नीरेंद्रनाथ राय और दिलीप कुमार राय को इन कक्षाओं से बहु लाभ हुआ। इसी दौरान सत्येन 'सबूज पत्र' नामक दल से सक्रिय रूप से जु गए। दल के सदस्य प्रमथा चौधरी के घर पर इकट्ठे होते थे।

(1) उत्तर लिखिए : (2)

(i) ढाका कॉलेज से परीक्षा में

द्वितीय स्थान पाने वाले ....................
तृतीय स्थान पाने वाले ....................

(ii) गद्यांश में उल्लेखित

दल .............
सदस्य .............

(2) 'ज्ञान देने से ज्ञान बढ़ता है' विषय पर 25 से 30 शब्दों में अपने विचार लिखिए। (2)

**विभाग २ - पद्य : 12 अंक**

**2(अ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (6)**

हरि बिन कूण गती मेरी ।।
तुम मेरे प्रति पाल कहिये मैं रावरी चेरी ।।
आदि -अंत निज नाँव तेरो हीमायें फेरी ।
बेर-बेर पुकार कहूँ प्रभु आरति है तेरी ।।
यौ संसार बिकार सागर बीच में घेरी ।
नाव फाटी प्रभु पाल बाँधो बूड़त है बेरी ।।
बिरहणि पिव की बाट जौवै राखल्यो नेरी ।
दासी मीरा राम रटत है मैं सरण हूँ तेरी ।।

(1) आकृति पूर्ण कीजिए :q (2)

(i) ये मीरा के प्रतिपालक है - ................................
(ii) कृष्ण के बिना इनको कहीं आश्रय नहीं है - ................................
(iii) मीरा को प्रभु से मिलने की तीव्र यह है - ................................

सिरचन ने झोले में रखा

१.

२.

(2) अधूरी चिक देखकर मानू को बुरा लगा होगा | अगर आप मानू कि जगह होते तो क्या आपको बुरा लगता या नहीं ? अपने जवाब कि पुष्टि कीजिए | (2)

**(आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (4)**

काँटों के बीच
खिलखिलाता फूल
देता प्रेरणा ।

भीतरी कुंठा
खारे जल से
धुल गए विषाद

मन पावन।
आँखों के द्वार से आई बाहर ।

(1) उचित जोड़ियाँ मिलाइए : (2)

| 'अ' | आ' |
|---|---|
| (i) खिलखिलाता फूल | विषाद |
| (ii) भीतरी | जल |
| (iii) खारा | प्रेरणा |
| (iv) पावन कुंठा | मन |

TickMark.Ai

(2) 'काँटों के बीच खिलनेवाला फूल प्रेरणा देता है' विषय पर 25 से 30 शब्दों में अपने विचार लिखिए। (2)

**विभाग ४ - भाषा अध्ययन (व्याकरण) : 14 अंक**

**4) सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (14)**

**(1) निम्नलिखित वाक्य के अधोरेखांकित शब्द का शब्दभेद पहचानकर लिखिए : (1)**

''रहमान से गलती हो गई, इसे वह भी कबूलता है ।''

**(2) निम्नलिखित अव्ययों में से किसी एक अव्यय का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए : (1)**

(1) हाय !

(2) इसलिए

**(3) कृति पूर्ण कीजिए : (किसी एक) (1)**

(1)

| **शब्द** | **संधि - विच्छेद** | **संधि भेद** |
|---|---|---|
| ................ | अभि + सेक | ................ |

(2)

| **शब्द** | **संधि - विच्छेद** | **संधि भेद** |
|---|---|---|
| अंतर्ध्यान | ................ | ................ |

**(4) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य की सहायक क्रिया पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए :** **(1)**

(1) दूधवाला सिर झुकाकर चला गया |

(2) मैं आपके बारे ही सोचता रहा।

**(5) निम्नलिखित क्रियाओं में से किसी एक क्रिया का प्रथम एवं द्वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए :** **(1)**

(1) नाचना

(2) गिरना

**(6) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर उचित वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **(1)**

(1) निजात पाना

(2) कान न देना

**अथवा**

**अधोरेखांकित वाक्यांश के लिए कोष्ठक में दिए मुहावरों में से उचित मुहावरे का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए :** **(1)**

(रोंगटे खड़े होना, पेट में चूहे कूदना)
शेर को देखते ही वह रोमांचित हो गए |

**(7) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य में प्रयुक्त कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए :** **(1)**

(1) मेरे द्वारा यह कार्य हुआ है।

(2) श्याम की लड़की बाजार गई है |

**(8) निम्नलिखित वाक्यों में यथास्थान उचित विराम - चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए :** **(1)**

कौन है यह कहाँ से आ गई

**(9) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी दो वाक्यों का सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए :** **(2)**

(1) वह तो अपने समाज से ही उभरी थी। (अपूर्ण भूतकाल)

(2) मन अब सुकून अनुभव कर रहा था | ((अपूर्ण वर्तमान काल)

(3) वही अनाज व्यापारियों के पास जाकर उनको धनवान बनता है। (अपूर्ण भूतकाल)

**10(i) निम्नलिखित वाक्य का रचना के आधार पर भेद पहचानकर लिखिए :** **(1)**

जैसे ही सूर्यास्त हुआ , चारों तरफ अँधेरा छा गया |

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक वाक्य का कोष्ठक में दी गई सूचनानुसार परिवर्तन कीजिए :** **(1)**

(1) उपवन बहुत सुन्दर है | (विस्मयादिवाचक वाक्य)

(2) लड़की को खूबसूरत होना जरुरी है। (निषेधार्थक वाक्य)

**11) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी दो वाक्यों को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए :** **(2)**

(1) करामत अली के आँखों में आँसू उतर आई।

(2) हमारी सामाजिक विचारधारा से बड़ी भरी दोष है।

(3) वह मेरे शब्दों पर ध्यान नहीं देता |

**विभाग ५ - रचना विभाग (उपयोजित लेखन) : 26 अंक**

**5) सूचनाओं के अनुसार लेखन कीजिए :** **(26)**

**(अ)(1) पत्रलेखन :**

**निम्नलिखित जानकारी पर आधारित पत्रलेखन कीजिए :**

नीलेश / नीला जाधव, फुले नगर, अमरावती से क्षेत्रीय अधिकारी के नाम अपने क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को हटाने हेतु पत्र लिखता / लिखती है। **(5)**

**अथवा**

नितिन / नीता कलंके, शिवम् कॉलोनी, कल्याण ४२१३०१ से उनके मामा / मामी श्री / सौ महेश / मान्या पवार, रमेश नगर, जलगाँव, ४१२००५ को उनके नए पुस्तक को प्रकाशित होने पर बधाई देने हेतु पत्र लिखता / लिखती है। **(5)**

**2) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर गद्यांश में एक-एक वाक्य में हों :** **(4)**

कोरोना के संकट ने पूरे विश्व को एक प्रचंड सुनामी की तरह घेर रखा है। दुनिया को इस दर्दनाक सच्चाई का एहसास हो गया है कि कोई भी इस

जानलेवा बीमारी से पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। सजीव और निर्जीव की सीमारेखा पर मौजूद इस क्षुद्र वायरस ने सबके मुंह पर पट्टियां बांध दी हैं। इस संकट काल में दो महत्वपूर्ण बातें दुनिया की समझ में आईं। पहला यह कि भीड़-भाड़ वाली बड़ी बस्तियों के बजाय प्रकृति के निकट खुले वातावरण में रहना ज्यादा सुरक्षित है और सार्थक भी। दूसरी बात यह कि खाद्यान्न के बिना किसी का भी जीना असंभव है। किसी भी परिस्थिति में जमीन-आसमान एक करके भी खाद्यान्न की आपूर्ति और इंतजाम अबाधित रखना पड़ता है। लॉकडाउन के दौरान अन्य तमाम गतिविधियां ठप रहीं, लेकिन खाद्यान्न आपूर्ति और इंतजाम से जुड़े कामों को रोका नहीं गया।
अर्थव्यवस्था के अन्य घटकों के बारे में चाहे जितना भी बखान कर लिया जाए, लेकिन कोरोना संकट के दौर में देश की अर्थव्यवस्था को डूबने से कृषि क्षेत्र ने ही बचाया। ऐसे में भारत समेत दुनिया के डेढ़ सौ से ज्यादा राष्ट्र आज जब वैश्विक अन्न दिवस मना रहे हैं, तो कृषि और खाद्यान्न क्षेत्र के संकटों पर विचार करना प्रासंगिक जान पड़ता है।

**(आ)(1) वृत्तांत लेखन :** **(5)**

गुरुकृपा विद्यालय, बीड में मनाए गए 'स्वतंत्रता दिन' समारोह का 70 80 शब्दों में वृत्तांत लेखन कीजिए।
(वृत्तांत में स्थल, काल, घटना का उल्लेख होना अनिवार्य है)

**अथवा**

**कहानी लेखन :** **(5)**

निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर 70 से 80 शब्दों में कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए :
बूढ़ा किसान --- चार बेटे --- चारों आलसी --- किसान हमेशा दुखी, चिंतित ---- बेटों से कहना ---- “खेत में धन” ---- किसान की मृत्यु ---- बेटें द्वारा खेत की खुदाई ---- खेत में अच्छी फसल ---- पिता जी की बात का अर्थ जानना ।

**(2) विज्ञापन लेखन :** **(5)**

एक मशहूर केशतेल के लिए 50 से 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए :

**(इ)) निबंध लेखन :**

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए :**

(1) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ **(7)**

(2) वर्षा जल संचयन

(3) भारतीय संस्कृति

**All the Best**

TickMark.Ai